छ.ग. स्टेट पावर कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

सितंबर-दिसंबर 2018 ■ वर्ष-14

EYE ON DEVELOPMENT OF CHHATTISGARH

स्वच्छ भारत


एक कदम स्वच्छता की ओर





# छत्तीसगढ़ का नवगठित मंत्रीमण्डल 27.12.2018

**मा. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल**




सामान्य प्रशासन, वित, ऊर्जा, खनिकर्म, जनसंपर्क, इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग।

**मा. मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू**



लोक निर्माण विभाग, गृह, जेल, धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग

**मा. मंत्री श्री टीएस सिंहदेव**



पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी, बीस सूत्रीय, जीएसटी

**मा. मंत्री श्री रविंद्र चौबे**



संसदीय कार्य, विधि एवं विधायी कार्य, कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी, पशुपालन, मछली पालन, जल संसाधन एवं आयाकट विभाग

**मा. मंत्री मोहम्मद अकबर**



परिवहन विभाग, आवास एवं पर्यावरण, वन विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता संरक्षण विभाग

**मा. मंत्री श्री प्रेमसाय सिंह**



स्कूल शिक्षा, अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण, सहकारिता विभाग

**मा. मंत्री श्री जय सिंह अग्रवाल**



राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, पंजीयन एवं स्टाम्प

**मा. मंत्री श्री कवासी लखमा**



वाणिज्यिक कर (आबकारी), उद्योग विभाग मंत्री बने

**मा. मंत्री श्री उमेश पटेल**



उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं जन शक्ति नियोजन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण

**मा. मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया**



महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग

**मा. मंत्री श्री रुद्र गुरु**



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं ग्रामोद्योग विभाग

**मा. मंत्री श्री शिव कुमार डहरिया**



नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम विभाग का मंत्री बनाए गए

छ.ग. स्टेट पावर कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

सितंबर-दिसंबर 2018




संपादक : संकल्प
**विजय मिश्रा**
अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क)
छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कं.मर्या., डंगनिया, रायपुर, छत्तीसगढ़
e-mail : vijay.mishra361@gmail.com

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कम्पनी मर्यादित

### प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | दिसंबर 2018 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 3280 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 3424.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | --- | 2064.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या | 27 नग | 118 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 12013 |
| केपेसिटर स्थापित क्षमता | 94 एमव्हीएआर | 1085 |
| 33/11 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 1213 नग |
| 33 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 21869 सर्किट कि.मी. |
| 11/04 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 156094 नग |
| 11 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 106887 कि.मी. |
| निम्नदाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 181417 कि.मी. |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 36734 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या | 73369 | 418374 |
| एकलबत्ती कनेक्शन की संख्या (सौभाग्य योजना के अंतर्गत प्रदत्त कनेक्शन शामिल) | 630389 | 1954558 |

सहयोग
जाबिर मोहम्मद कुरैशी

छायाकार
संजय टेम्बे

# पॉवर कम्पनीज अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह की विदाई





छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज के अध्यक्ष पद से विदा उपरांत श्री शिवराज सिंह ( रिटायर्ड आई.ए.एस.) को भावभीनी विदाई देने एक गरिमामय समारोह का आयोजन 21 दिसम्बर 18 को किया गया। समारोह में उपस्थित आदर्शिनी महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती रेखा शिवराज सिंह का भी अभिनंदन किया गया। विदाई समारोह में अध्यक्ष श्री सिंह ने पॉवर कम्पनीज की उत्तरोत्तर प्रगति हेतु कामना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर अनेक ऐसे अवसर आये जब छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी को पुरस्कृत होने का अवसर मिला। वर्तमान में जीरो पॉवर कट स्टेट होने का गौरव छत्तीसगढ़ को प्राप्त है। आशा है कि भविष्य में भी ऐसी बड़ी-बड़ी उपलब्धियाँ पॉवर कंपनी के खाते में दर्ज होंगी। विदाई समारोह में अपर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन (आई.ए.एस.), सचिव मुख्यमंत्री- ट्रेडिंग कंपनी के एमडी श्री सुबोध सिंह, डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी श्री अंकित आनंद, ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी श्रीमती तृप्ति सिन्हा, जनरेशन कंपनी के एमडी श्री के.आर.सी. मूर्ति सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। जिन्होंने अध्यक्ष श्री सिंह से मिले मार्गदर्शन को अपने सेवाकाल में बहुमूल्य निरूपित किया और उनके सपरिवार सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर समारोह में उपस्थित डायरेक्टर सर्वश्री जी.सी.मुखर्जी, एच.आर.नरवरे, ओ.सी. कपिला एवं अजय दुबे सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने भी अध्यक्ष श्री सिंह के मंगलमय जीवन हेतु अपनी मंगल कामनाओं की अभिव्यक्ति दी। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डायरेक्टर श्री अजय दुबे ने एवं कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक(जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।

# इकाइयों का शानदार प्रदर्शन, तेल व कोयले की खपत हुई कम



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की हसदेव ताप विद्युत गृह के पांचों विद्युत इकाइयों ने कैलेंडर वर्ष 2017 के मुकाबले वर्ष 2018 में बेहतर प्रदर्शन किया है। विस्तार संयंत्र इकाई क्रमांक 05 ने कैलेंडर वर्ष 2018 में 91.69 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 4015.886 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का नया कीर्तिमान बनाया है। जबकि वर्ष 2017 में यह 91.40 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 4003.139 मिलियन यूनिट था। यह विद्युत उत्पादन पिछले रिकार्ड के मुकाबले 12.747 मिलियन यूनिट अधिक है।

इसके अलावा एसटीपीएस की पांचों इकाइयों में 1 लाख 6 हजार 255 टन कोयले की बचत हुई। इससे 19 करोड़ 57 लाख 73 हजार 775 रूपए की बचत हुई है। यह पावर कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों का ही मनोबल है जिसकी बदौलत पावर कंपनी विद्युत उत्पादन में अग्रणी बनी हुई है। हसदेव ताप विद्युत गृह में 210-210 मेगावाट की चार इकाइयां व 500 मेगावाट की एक इकाई संचालित हो रहीं हैं।

कैलेंडर वर्ष 18 में इकाई क्रमांक 05 एवं 210 मेगावाट की इकाई क्रमांक 02 एवं 04 ने विशिष्ट कोल खपत एवं विशिष्ट तेल खपत में रिकार्ड बनाया है। इसके अनुसार इकाई क्रमांक 05 में विशिष्ट कोल खपत 0.680 किग्रा. प्रति यूनिट रहा। जबकि पिछले कैलेंडर 2017 में इसी अवधि में 0.688 किग्रा. प्रति यूनिट था। इकाई क्रमांक 02 में विशिष्ट तेल खपत 0.176 मिलीलीटर प्रति यूनिट रहा जबकि बीते कैलेंडर वर्ष 2015 में यह 0.189 मिलीलीटर प्रति यूनिट था। इकाई क्रमांक 04 में भी विशिष्ट तेल खपत कैलेंडर वर्ष 2018 में 0.363 मिलीलीटर प्रति यूनिट रहा जबकि कैलेंडर वर्ष 2010 में यह 0.419 मिलीलीटर प्रति यूनिट था। 210 मेगावाट की इकाई क्रमांक दो ने कैलेंडर वर्ष 2018 में 72.76 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 1338.581 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया जबकि पिछले कैलेंडर वर्ष 2017 में 70 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 1287.631 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया है जो पूर्व उत्पादन के मुकाबले 50.95 मिलियन यूनिट ज्यादा है। 210 मेगावाट की इकाई क्रमांक चार ने कैलेंडर वर्ष 2018 में 80.10 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 1473.529 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया जबकि पिछले कैलेंडर वर्ष 2017 में 71.22 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 1310.082 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया है जो पूर्व उत्पादन के मुकाबले 163.447 मिलियन यूनिट ज्यादा है।

# पॉवर कंपनी में नवनियुक्त अभियंताओं का प्रशिक्षण सत्र

## सुरक्षा संग निर्बाध विद्युत आपूर्ति कंपनी का लक्ष्य-अंकित आनंद




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कपंनी में नवनियुक्त अभियंताओं के लिये प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ 17 नवम्बर को केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एम.डी. श्री अंकित आनंद एवं पॉवर होल्डिंग कंपनी के डायरेक्टर (कार्मिक एवं प्रशासन) श्री अजय दुबे के आतिथ्य में हुआ। प्रशिक्षणार्थियों को पॉवर सेक्टर स्कील कांऊसिल (पी.एस.एस.सी.) नई दिल्ली के विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया।

इस अवसर पर एम.डी. श्री अंकित आनंद ने कहा कि अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने वाली महत्वपूर्ण कारक बिजली को उपभोक्ताओं तक गुणवत्तापूर्वक पहुंचाने की जवाबदारी अभियंताओं की है। नवनियुक्त अभियंता किताबी ज्ञान को व्यवहारिक ज्ञान में परिवर्तित करके पूर्ण कार्यदक्षता के साथ इसका सफल निर्वहन कर सकते हैं। प्रदेश में सुदूर अंचलों तक बिजली पहुंचाने के लिये प्रयुक्त नवनीनतम तकनीकी का समुचित ज्ञान रखते हुये अभियंतागण अपनी छवि बेहतर बनाने के साथ साथ कर्मियों से बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। नवनियुक्त अभियंता प्रशिक्षण के दौरान लाईनों, ट्रांसफार्मरों, उपकेन्द्रों, उपभोक्ता सेवा संतोष के कार्यों से सीधे जुड़े, यह सबके लिये हितकारी है। उन्होंने बिजली क्षेत्र में सुरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल पर भी बल दिया।

प्रशिक्षण सत्र में होल्डिंग कंपनी के डायरेक्टर श्री अजय दुबे ने कहा कि विश्व स्तर पर बिजली को मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकता बताई गई है। इसलिए पॉवर सेक्टर में ''स्मार्टनेस'' पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सम्पूर्ण ऊर्जा के साथ ही हर दिन नई सूचनाओं से स्वयं को अपडेट रखने की प्रवृत्ति से स्मार्ट इंजीनियर बना जा सकता है। छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी द्वारा भी अपने कर्मचारियों से लेकर प्रणाली- उपकरणों को स्मार्ट बनाने की कारगर पहल की गई है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में पी.एस.एस.सी. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री विनोद बिहारी ने बताया कि मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित विद्युत क्षेत्रीय कौशल परिषद (पी.एस.एस.सी.) की स्थापना वर्ष 1914-15 में हुई थी। पॉवर सेक्टर में निरन्तर सुधार और उपभोक्ता सेवा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिये परिषद द्वारा मानक तैयार किये गये हैं।

कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान के मुख्य अभियंता श्री आर.बी. त्रिपाठी ने किया। उन्होंने कहा कि कंपनी के कनिष्ठ अभियंता वितरण केन्द्रों मे सेवारत होते हैं। इनकी कार्यदक्षता का सीधा प्रभाव उपभोक्ता सेवा और संस्थान की छवि पर पड़ता है, अतः नवनियुक्त अभियंता बेहतर छवि बनाने सजग रहे। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक सर्वश्री कैलाश नारनवरे, जे.एस.नेताम, आर.के.अवस्थी, के.एस.मनोठिया, आर.के.तिवारी, ए.पी.सिंह, व्ही.के. साय सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ अभियंता श्री ए.एन. भट्टाचार्जी ने किया।


### सफलता हेतु अभियंताओं के लिये दी गई टिप्स

1. निर्विवाद छवि के प्रति सजगता।
2. तकनीकी कार्य में दक्षता।
3. उपभोक्ता समस्या का त्वरित निदान।
4. कार्य स्थल पर सतत् उपलब्धता।
5. विपरीत परिस्थितियों में संतुलन।
6. अधीनस्थ कर्मियों से बेहतर तालमेल।
7. बिना झिझक सीखने की ललक ।



# पॉवर कंपनी मुख्यालय में मना संविधान दिवस

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय में 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री के.आर.सी. मूर्ति के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी एवं होल्डिंग कपनी के प्रबंधक क्रमशः सर्वश्री जी.सी. मुखर्जी, अजय दुबे सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों/कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर प्रारंभ में प्रबंधक श्री अजय दुबे ने कहा कि हमारे देश को असली आजादी संविधान निर्माण के उपरांत ही मिली। संविधान में निहित नीति और नियमों का पालन कर हम देश और समाज को सही दिशा में ले जा सकते हैं, अतः संविधान के अनुरूप कार्य करने का संकल्प लें, ताकि सुशासन के साथ



हम अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों का सही निवर्हन कर सकें। कार्यक्रम के संयोजक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री एम.जेड. रहमान, अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री एस.के. मेहता के निर्देशन में संपन्न कार्यक्रम में उपमहाप्रबंधक (आई.आर.) श्री जी. खण्डेलवाल ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

# पॉवर कंपनी के ईडी श्री श्रीवास्तव सहित अन्य सेवानिवृतजनों की विदाई





छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी से सेवानिवृत्त हुए कार्यपालक निदेशक श्री शरद कुमार श्रीवास्तव सहित सर्वश्री विजय बैनर्जी, विजय श्रीवास्तव एवं देवराज पारधी, पीताम्बर राम साहू, गौतम साहू, ओंकार प्रसाद सोनी, रमेश ठाकुर, रामकिशोर राठौर, प्रदीप कुमार देव, रवि कुमार दांडगे, निशिकांत हेमराज एवं बी. कोर्राम को 31 अक्टूबर को मुख्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने प्रतीकात्मक भेंट, प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सेवानिवृत्त हुए कार्यपालक निदेशक श्री श्रीवास्तव एवं अन्य सेवानिवृतजनों के सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृतजन अपना दीर्घ अनुभव समाज सेवा-विकास कार्यों में लगाये।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा, प्रबंध निदेशकद्वय श्री अंकित आनंद, के.आर. सी मूर्ति, निदेशक सर्वश्री जी.सी.मुखर्जी, ओ.सी.



कपिला, महाप्रबंधक श्री एम.जेड. रहमान, ए.जी.एम श्री ए.के.मेहता, विधि सलाहकार श्री एन.के.पी.सिंह ने भी मंगलकामनाओं की अभिव्यक्ति दी। विदाई समारोह में सेवानिवृतजनों ने सेवायात्रा के दौरान सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक(जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा एवं श्री योगेश नैयर ने किया।

# श्री रहमान, श्री साय एवं श्री सिंह बने पॉवर होल्डिंग, डिस्ट्रीब्यूशन और ट्रांसमिशन कंपनी के महाप्रबंधक

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी द्वारा जारी आदेशानुसार श्री एम.जेड रहमान, श्री व्ही.के.. साय एवं श्री ओ.पी.सिंह पॉवर होल्डिंग, डिस्ट्रीब्यूशन एवं ट्रांसमिशन कंपनी के महाप्रबंधक बनाये गये। पॉवर कंपनी के मानव संसाधन विभाग में नवनियुक्त महाप्रबंधकों को उच्चाधिकारियों-कर्मचारियों सहित विभिन्न संघ/संगठनों के पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनायें दी। पदोन्नत अधिकारियों का जीवन परिचय निम्नानुसार है:-

## महाप्रबंधक (मानव संसाधन)
# श्री एम.जेड. रहमान

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पद पर पदोन्नत श्री एम.जेड. रहमान का जन्म 03 जनवरी 1957 को मालदा (पश्चिम बंगाल) में हुआ। आपने हायर सेकण्डरी की परीक्षा वर्ष 1974 में मालदा से उर्त्तीण कर वर्ष 1979 में बी.एस.सी. इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल में आनर्स की डिग्री ए.एम.यू. अलीगढ़ से प्राप्त की।



अपनी माता स्व0 श्रीमती जुलेखा बीबी एवं पिता स्व0 मोहम्मद तालिब अली से मिले सुसंस्कार एवं समुचित मार्गदर्शन से प्रेरणा लेकर अपनी जीवन यात्रा में आगे बढ़ते हुए आपने अपने कैरियर का आरंभ वर्ष 1980 में मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल से ग्रेच्युट ट्रेनी के रूप में बिलासपुर से किया तथा वर्ष 1981 में आप सहायक अभियंता के पद पर बिलासपुर में ही नियुक्त हुए। सेवायात्रा में प्रदर्शित आपकी कार्यदक्षता का सुफल आपको वर्ष 2003 में कार्यपालन अभियंता, वर्ष 2010 में अधीक्षण अभियंता एवं वर्ष 2016 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति के रूप में प्राप्त हुई। इन पदों पर आपने जगदलपुर, रायपुर में सफलतापूर्वक अपनी सेवायें दी। विभिन्न पदों में मिली जिम्मेदारियों और कार्यों को आप कुशलता के साथ पूर्ण करते रहे, फलस्वरूप वर्ष 2018 में आपको मुख्य अभियंता के शीर्ष पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई और पॉवर होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग रायपुर में महाप्रबंधक के पद पर आपकी पदस्थापना हुई। अपनी सेवायात्रा में आपने प्रदेश की पारेषण प्रणाली को उन्नत बनाने के लिये अनेक उल्लेखनीय कार्य किये हैं। जिसमें बारसूर लोवर सिलेरू में स्थापित देश की प्रथम एच.व्ही.डी.सी. ट्रांसमिशन सिस्टम की डिजाईन, निर्माण से लेकर क्रियाशील करने का कार्य शामिल है। इस सिस्टम को बनाने में जुटी एम.पी.ई.बी., ए.पी.एस.ई.बी., भेल तथा सी.पी.आर.आई. की टीम के साथ वर्ष 1984 से 2006 तक आपने सक्रिय भूमिका का निवर्हन किया। इस ''एक्सप्रीमेंटल लाईन प्रोजेक्ट'' को भारत सरकार द्वारा स्वीकृत देश का प्रथम प्रोजेक्ट होने का गौरव प्राप्त है।

इसी तरह बारसूर में स्थित 220 के.व्ही. उपकेन्द्र पर एसव्हीसीएस की स्थापना एवं डिजाइन संबंधी कार्य में आपने महत्वपूर्ण भागीदारी दी जिसमें . 30 एमव्हीएआर एस.व्ही.सी.एस.की स्थापना की गई। इसे भेल के सहयोग से 1986 में भारत में पहली बार स्थापित किया गया। नवगठित प्रदेश छत्तीसगढ़ के प्रथम 400 के.व्ही. उपकेन्द्र रायता तथा रावणभाठा रायपुर में स्थापित प्रथम गैस आधारित 132 के.व्ही. उपकेन्द्र के डिजाईन एवं क्रियाशील करने में आपने वर्ष 2010 एवं 2017 में महत्वपूर्ण योगदान देकर पारेषण क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई। आपने वर्ष 1988 में एच.व्ही.डी.सी. पर केन्द्रित उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मेनीटोवा हाइड्रो कनाडा से प्राप्त किया। आपकी अभिरूचि विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के अध्ययन में है।

## मुख्य अभियंता
# श्री ओमप्रकाश सिंह

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (उपकेन्द्र-संचा-संधा) बिलासपुर तथा मानव संसाधन विभाग रायपुर के नोडल आफिसर श्री ओमप्रकाश सिंह का जन्म 26 सितम्बर 1958 को मिर्जापुर (उ0प्र0) में हुआ। अपनी माता स्व0 श्रीमती नारायणी देवी एवं पिता स्व0 राजपाल सिंह से मिले सुसंस्कार एवं समुचित मार्गदर्शन से आपने हायर सेकण्डरी की परीक्षा 1972 में जौनपुर उत्तरप्रदेश से उर्त्तीण की। आगे वर्ष 1979 में बी.ई.इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की उपाधि इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से (प्रथम श्रेणी अनार्स) प्राप्त किया।



विद्या अर्जन के उपरांत आपने अपने कैरियर का शुभारंभ मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल इटारसी से वर्ष 1980 जून में ग्रेच्युट ट्रेनी के रूप में किया। जून 1981 में आप सहायक अभियंता, के पद पर भिलाई 132 केव्ही उपकेन्द्र में पदस्थ किये। इस पद पर रायगढ़, चांपा, बालाघाट एवं सागर में आपने सेवायें दी। आगे सितम्बर 1992 में कार्यपालन अभियंता, 2010 में अधीक्षण अभियंता एवं 2016 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर आपको पदोन्नति प्राप्त हुई। इन पदों पर आपने रायपुर में अपनी सेवायें दी।

सेवायात्रा में अनवरत् आगे बढ़ते हुये आपने अपनी कार्यदक्षता का परिचय दिया। आपकी कार्यकुशलता का मूल्यांकन करते हुए पॉवर कंपनी द्वारा अक्टूबर 2018 में आपको मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई और आपको मुख्य अभियंता (उपकेन्द्र-संचा-संधा) बिलासपुर तथा मानव संसाधन विभाग रायपुर के नोडल आफिसर का दायित्व सौंपा गया।

सेवायात्रा के दौरान आपने देश के बहुप्रतिष्ठित संस्थानों से अति उच्चदाब पारेषण प्रणाली संबंधित विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपने अनेक बार टेस्टिंग, कम्युनिकेशन तथा ई.एच.व्ही. सिस्टम में उत्पन्न तकनीकी गड़बड़ियों को कठिन चुनौतियों का सामना करते हुये कड़ी मेहनत और लगन से दूर किया, जिसके लिये आपको मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल से अनेक बार पुरस्कृत होने का गौरव प्राप्त है। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल में भी सराहना मिली।

अपनी सफलता का मूलमंत्र आप आत्मविश्वास को मानते हैं तथा इसके लिये नवीनतम तकनीकी ज्ञान वृद्धि हेतु सतत् प्रयासरत रहते हैं। बैडमिंटन, टेबिन टेनिस एवं शतरंज में आपकी विशेष अभिरूचि हैं।

## महाप्रबंधक (मानव संसाधन)
# श्री व्ही.के.साय

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री विनोद कुमार साय का जन्म 21 मार्च, 1966 को जशपुर जिले के बगिया ग्राम में हुआ। अपनी जीवनयात्रा में अनवरत प्रगति के पथ पर बढ़ने की प्रेरणा आपको आपकी माता श्रीमती जशमेरी देवी तथा पिता स्व.आर.पी.साय से मिली। वर्ष 1984 में हायर सेकण्डरी की परीक्षा आपने कुनकुरी (जशपुर) से उर्त्तीण कर वर्ष 1990 में बी.ई.(इलेक्ट्रीकल) की उपाधि जीसीईटी रायपुर से प्राप्त की।



विद्या अर्जन के उपरांत आपने अपने कैरियर का शुभारंभ मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल जबलपुर से वर्ष 1992 सितम्बर में सहायक अभियंता प्रशिक्षु के रूप में किया। इस पद पर आपने सतना, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव, पत्थलगांव एवं जशपुर में संचारण एवं संधारण संबंधी कार्यों में सफलतापूर्वक सेवायें दी। आगे वर्ष 2005 में आपको कार्यपालन अभियंता, वर्ष 2010 में अधीक्षण अभियंता एवं वर्ष 2013 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई। अपनी सेवायात्रा में आगे बढ़ते हुये आपने इन पदों पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचारण-संधारण विषयक कार्यों में अपनी कार्यदक्षता को प्रदर्शित किया।

आपकी कार्यकुशलता का मूल्यांकन करते हुए पॉवर कंपनी द्वारा 01 अक्टूबर 18 को मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति दी गई और आपकी पदस्थापना महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रायपुर में की गई। आपका कैरम और शतरंज खेल के प्रति भी विशेष अभिरूचि है।

# डीजीएम श्री मौर्या की भावभीनी विदाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग में पदस्थ उपमहाप्रबंधक श्री व्ही.आर. मौर्या को स्थानान्तरणोंपरान्त भावभीनी विदाई दी गई। साथ ही नवागत उपमहाप्रबंधक श्री सुनील खरे का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पॉवर होल्डिंग कंपनी के डायरेक्टर श्री अजय दुबे ने विदा लेते डीजीएम श्री मौर्या की कार्यशैली को सराहते हुए कंपनी में हो रही नई भर्ती एवं नियुक्ति का श्रेय टीम वर्क को दिया। कार्यक्रम में उपस्थित पॉवर होल्डिंग कंपनी के महाप्रबंधक श्री एम.जेड. रहमान ने कहा कि सेवायात्रा में स्थानान्तरण एक अनिवार्य प्रक्रिया है अतः नई पदस्थापना के साथ ही नये कार्यों को सीखने-समझने की ललक ही अधिकारी-कर्मचारी को सफलता दिलाती है। इसी क्रम में चीफ विजलेंस आफीसर श्री राजेश व्यास, अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री ए.के. मेहता ने भी शुभकामनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पॉवर होल्डिंग कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।





**हजार खार चुभेंगे गुलों को चुनने में, मगर ये काम भी करना बहुत जरूरी है।**

# प्रदेश में खुले 80 नये विद्युत वितरण केन्द्र

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा प्रदेश के शहरी क्षेत्रों की भाँति सुदूर ग्रामीण-वनांचलों तक विद्युत प्रणाली को उन्नत किया गया है। इसका लाभ ऐसे क्षेत्रों में निवासरत विद्युत उपभोक्ताओं को सहजता मिल सके इस दृष्टि से कंपनी द्वारा 80 नये विद्युत वितरण केन्द्र खोले गये हैं। वितरण केन्द्र (डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर) कंपनी की सबसे छोटी इकाई है, इसका सीधा संबंध उपभोक्ताओं से होता है। 80 नये वितरण केन्द्रों के माध्यम से उपभोक्ताओं के विद्युत विषयक कार्यों का निपटारा जल्द हो सकेगा। इन्हें शामिल कर प्रदेश में अब कुल 444 वितरण केन्द्र उपभोक्ता सेवा में संचालित हो रहे हैं।

नये वितरण केन्द्रों के सुचारू संचालन के लिये कनिष्ठ अभियंता सहित अन्य कर्मियों के कुल 400 पद एवं 80 फ्यूज आफ कॉल सेंटर व्हीकल की स्वीकृति दी गई है। इससे ग्रामीणजनों के समय,श्रम एवं अर्थ की भी बचत होगी।

## नये वितरण केन्द्रों की सूची

प्रदेश के लिये स्वीकृत किये गये नये वितरण केन्द्रों में रायपुर वृत्त के अंतर्गत 09 वितरण केन्द्र यथा कोसरंगी, टोहड़ा, चंदखुरी, बासिंद, एनराजिम, केरेगांव, बेलारगांव, मडेली, कुंडेल सहित अन्य सर्किल में खोले गये वितरण केन्द्रों में नारा, मुंगासेर, बिरकोनी, पिथौरा, झाखरपारा, सागरपाली, सल्दीह, रोहंसी, डमरू, मरदा, दामाखेड़ा, गोपालपुर, गिरौदपुरी, ठेलका, अम्लेश्वर, प्रतापपुर, परपोड़ी, दसरंगपुर, छपोरा, चेतमा, पासन, कोरबी, कतकलिया, हाटी, लेन्द्रा, चिंद, केरा, सलानी, बोरी, जालबांधा, पॉलीमेटा, औंधी, कपदाह, तरेगॉव, चिल्फी, इंदौरी, मारका,पेटला, दरिमा, धौरपुर, रघुनाथगढ़, चंदो, बारियो, लुडेग, सन्ना, धरमपुर, लेटोरी, सिलपिली, सूरजपुर, करपावंड, घोटिया, बारसूर, तमनार, कौकोण्डा, गडिरस, तोंगापाल, नेतनार, नेमेड, कुटरू, पुरी, अम्बेडा, मधुराबाजार, बड़ेगॉव, धमकसा, छोटेबेटिया, किबईबलेंगा, बदराजपुर, रंधाना, बड़ेडोंगर, धनोरा, बेनूर शामिल हैं।

# पॉवर कंपनी में सेवानिवृत्तजनों की भावभीनी विदाई







छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी से 30 नवम्बर 18 को सेवानिवृत्त हुये अधिकारियों/कर्मचारियों को कंपनी मुख्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में वितरण कंपनी के डायरेक्टर श्री एच.आर.नरवरे, कार्यपालक निदेशक सर्वश्री एम.एस. चौहान, संदीप मोदी, जे.एस. नेताम, डब्ल्यू. आर.वानखेड़े, आलोक सिंह वाई.बी.जैन, मुख्य अभियंता सर्वश्री ओ.पी.सिंह, व्ही.के.साय, एजीएम. ए.के.मेहता, राजेन्द्र कुलकर्णी सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए प्रतिकात्मक भेट एवं सेवा प्रमाण पत्र प्रदान किया। सेवानिवृत्त हुये सर्वश्री एम. जहफर, सी.सी.विश्वास, श्रीमति लेहम्मा घिरघोरी, सुरेन्द्र शुक्ला, दशरथ कुमार अग्रवाल, चौतलाल सुरेंद्र, नंदकुमार साहू, निर्मल प्रसाद गुंदे, राधेश्याम साहू, राधे लाल दुबे, एस गुरुमूर्ति और दिलीप कुमार तांबे शामिल है। ट्रांसमिशन/होल्डिंग कंपनी के कर्मचारियों .ने अपनी दीर्घकालीन सेवायात्रा में सहकर्मियों से मिले सहयोग को अपनी सफलता का आधार बताया। विदाई समारोह का संचालन श्री योगेश नय्यर एवं सहायक प्रकाशन अधिकारी श्रीमती अनामिका मण्डावी ने किया।

# ब्लैक आऊट होने पर शुरू हो सकेगा कोरबा का पॉवर प्लांट

## बड़े विद्युत संकट की घड़ी में संयंत्रों के शीघ्र पुनर्संचालन हेतु मॉकड्रिल



अंतर्राजीय बिजली ग्रिड ठप्प होने की स्थिति में, ठप्प बिजली व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल करने हेतु छत्तीसंगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन, जनरेशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के इंजीनियरों द्वारा सामूहिक रूप से एक मॉकड्रील 30 दिसम्बर को किया गया। इसमें बांगो जल विद्युत गृह से स्टार्टअप पॉवर, सभी ताप विद्युत गृहों को पहुँचाने हेतु किया गया। इस "ब्लैक स्टार्ट-ग्रिड रिस्टोरेशन" मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) के माध्यम से यह आंकलन करने में कामयाबी मिली कि विकट विद्युत संकट की घड़ी (ब्लेक स्टार्ट) में अधिकतम 20 से 21 मिनट में कोरबा पूर्व ताप विद्युत संयंत्र के पुर्नसंचालन हेतु स्टार्ट अप पॉवर दिया जा सकेगा।

पॉवर कंपनी मुख्यालय ड़गनिया स्थित लोड डिस्पैच सेंटर में शिफ्ट इंजिनियर सर्वश्री मुख्य अभियंता ए.के.श्रीवास्तव तथा जनरेशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक एन.के.बिजौरा के नेतृत्व में श्रीमती सोनवानी, वाई कृष्णाराव, वी.जी एक्का, जी.पी सिंह, रेशमा सेतपाल एवं कु. एस.पाल, बांगो में वी.के निमजा तथा संदीप श्रीवास्तव अधीक्षंण अभियंता की टीम और जमनीपाली में पूर्णिमा शुक्ला, जी.पी.सोनी, आर.अरविंद, वी.के.दीक्षित तथा कोरबा पूर्व 132 के.व्ही. सब स्टेशन सी.एस.पी. जी.सी.एल. के संदीप धुले अधीक्षण अभियंता तथा एच.पी.शर्मा. कार्यपालन अभियंता तथा सी.एस.पी.डी.सी.एल. के कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता ने मौजूद रहकर मॉकड्रिल में सक्रिय भागीदारी दी। मॉकड्रिल के दौरान सर्वप्रथम बांगो जल विद्युत परियोजना की एक 132 के.व्ही. उपकेन्द से जमनीपाली एवं कोरबा उपकेन्द्र तथा एक आईलैन्ड सबसिस्टम बनाया गया। तथा बांगो बिजली संयंत्र में ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित किया गया । इसके पश्चात बनावटी बिजली संकट कोरबा क्षेत्र में निर्मित किया गया। सभी इंजीनियरों की टीम ने युद्धस्तर पर बिजली संकट क्षेत्र में बिजली बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ किया।

इसके लिए बांगो में उपलब्ध डीजल जनरेटर सेट से बंद जल विद्युत ईकाई क्रमांक तीन को सर्विस में लकर 132 के.व्ही. उपकेन्द्र को चार्ज किया गया और वहां उत्पादित बिजली को 132 के.व्ही. लाइन तथा जमनीपाली के माध्यम से कोरबा पूर्व के उपकेन्द्र तक पहुचाई गई और कोरबा पूर्व में निधारित 33 तथा 11 के.व्ही. विद्युत फीडर को एक के बाद एक चालू कर बागो की जल विद्युत ईकाई से करीब 22 मेगावाट लोड लिया गया । साथ ही बांगो जल विद्युत द्वारा उत्पादित बिजली (स्टार्ट अप पॉवर ) से 220 के.व्ही. उपकेन्द्र कोरबा ईस्ट के ऑटो ट्रांसफार्मर भी उर्जीकृत किया गया। इस तरह ब्लैक आउट की स्थिति में लगभग 21 मिनट में बांगो जल विद्युत गृह से कोरबा पूर्व ताप विद्युत गृह को 22 मेगावाट स्टार्ट अप पॉवर पहुचाई गई।

# पॉवर कंपनी के ईडी श्री अग्रवाल सहित अन्य की विदाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज से सेवानिवृत्त हुए कार्यपालक निदेशक श्री अरविन्द कुमार अग्रवाल सहित अन्य कर्मचारियों को कंपनी मुख्यालय में 31 दिसम्बर 2018 को भावभीनी विदाई दी गई। विद्युत सेवा भवन के सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा, जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री के.आर.सी मूर्ति ने प्रतीकात्मक भेंट, प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सेवानिवृत्तजनों को सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर, निदेशक सर्वश्री एच.आर. नरवरे, जी.सी.मुखर्जी, ओ.सी. कपिला, ने भी मंगलकामनाओं की अभिव्यक्ति दी।

विदाई समारोह में सेवानिवृत्त हुये वितरण कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री अग्रवाल एवं ट्रांसमिशन कंपनी से सेवानिवृत्त सर्वश्री एके केशकर, ठाकुरराम साहू, कृष्णा लाल और टी रामा राव ने सेवायात्रा के दौरान सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक(जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा एवं श्री योगेश नैयर ने किया।





# मानव संसाधन विभाग में कार्यरत कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग में कार्यरत 04 कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानितजनों का विवरण निम्नानुसार है:-


1. श्री एन. प्रभाकर राव, निज सचिव - मानव संसाधन विभाग में कार्यरत रहकर सतर्कता प्रकोष्ठ की अधोसंरचना/स्थापित करने के साथ-साथ उचित सुझावों द्वारा सतर्कता प्रकोष्ठ के संचालन तथा मेनुअल (नियमावाली) बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निवर्हन किया गया।

2. श्री विजय कुमार बनर्जी, कार्या. सहा. श्रेणी-एक- मानव संसाधन विभाग में कार्यरत रहकर पॉवर कम्पनीज में पदस्थ कनिष्ठ अभियंताओं के पदोन्नति संबंधी कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण करने तथा 48 संवर्गों के वरिष्ठता सूची हेतु जानकारी एकत्रित करने एवं सैप सिस्टम से संबंधित कार्य पूर्ण कराने का उल्लेखनीय कार्य किया गया।

3. श्री बलवन्त कुमार वर्मा, कार्या. सहा. श्रेणी-तीन- मानव संसाधन विभाग में कार्यरत रहकर विगत नौ वर्षों से अधिक समय से अनुकंपा नियुक्ति प्रभाग में कुशलतापूर्वक दैनिक कार्यों के क्रियान्वयन के अतिरिक्त, समयसीमा में संबंधित सूचना के अधिकार से संबंधित कार्य, मान. उच्च न्यायालय के लगभग 60 प्रकरणों में वकीलों को वांछित दस्तावेज उपलब्ध कराने का उल्लेखनीय कार्य किया गया।

4. श्री शेष नारायण वर्मा, सुरक्षा सैनिक- वरिष्ठ सुरक्षा सैनिक के पद पर कार्यरत रहकर वर्षभर होने वाले धरना, हड़ताल, प्रदर्शन एवं आमसभा के दौरान विपरित परिस्थिति पर संयम का परिचय देते हुए पुलिस बल के साथ सामंजस्य स्थापित कर कंपनी को सुरक्षा प्रदान करने तथा सुरक्षा उपकरणों के उचित रखरखाव जैसे प्रशंसनीय कार्य किये गये।

## मिनट का महत्व



गांधीजी ने अपने जीवन में प्रत्येक पल का उपयोग करने की चेष्टा की। वे व्यर्थ में एक पल भी नहीं गंवाते थे। उनका कहना था कि समय की छोटी इकाई का यदि हम महत्व नहीं समझेंगे, तो हम घंटों व दिन-महीनों का भी महत्व नहीं जान पाएंगे। एक बार वे रेल द्वारा उत्तर प्रदेश का भ्रमण कर रहे थे। सदा की तरह वे तीसरे दर्जे में बैठे हुए थे उनके पौत्र कांति गांधी भी उनके साथ थे। गाड़ी तेज गति से चल रही थी। गांधीजी ने अपने साप्ताहिक पत्रों 'यंग इंडिया' व 'नवजीवन' के लिए लेख लिखने में व्यस्त थे। सहसा उन्होंने कांति से पूछा, 'कितना बजा है?'

घड़ी देखकर कांति ने कहा कि 'पांच बजे है।' तब तक गांधीजी की दृष्टि भी घड़ी पर चली गई उन्होने देखा कि पांच बजने में एक मिनट शेष है। उन्हें यह लापरवाही बहुत अखरी। उन्होंने कहा कि पांच बजने में अभी एक मिनट बाकी है। यदि ऐसा है तो घड़ी रखने से क्या लाभ? तीस करोड़ मिनटों को जोड़ कर देखों, कितने महीने और कितने दिन होते हैं? अगर पांच की जगह एक मिनट कम पांच कहते तो क्या हो जाता? तुमने सत्य की अवहेलना कर ठीक नहीं किया।

गांधीजी ने यह बात कहकर समय के महत्व को रेखांकित किया था। उनका कहना था कि समय और सत्य रेल की पटरियों जैसे हैं, जिन पर मानव जीवन दौड़ता है। इसलिए हमें सत्यतापूर्ण विधि से ही समय के महत्व को जानना चाहिए।

# पॉवर कंपनी में अंतर्क्षेत्रीय बेडमिंटन स्पर्धा संपन्न

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की अंतर्क्षेत्रीय बेडमिंटन स्पर्धा का आयोजन 28 से 30 नवम्बर तक युनियन क्लब में किया गया। स्पर्धा में शामिल दस क्षेत्रीय टीम में से कोरबा पश्चिम को विजेता एवं कोरबा पूर्व को उप विजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। विजयी प्रतियोगी को डिस्टीब्यूशन कंपनी के डॉयरेक्टर जी.सी.मुखर्जी, कार्यपालक निदशक श्री कैलाश नारनवरे, क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री आर.के अवस्थी ने पुरस्कार प्रदान किया। साथ ही खिलाड़ियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्पर्धा में पॉवर कपंनी एवं छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। क्षेत्रीय क्रीड़ा परिषद के सचिव श्री आर.के.बंछौर ने खेल प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

स्पर्धा के शुभारंभ समारोह में कार्यपालक निदेशक-केन्द्रीय क्रीडा एवं कला परिषद के महासचिव श्री एम.एस. चौहान, कार्यपालक निदेशक श्री आर.के. अवस्थी तथा मुख्य अभियंता श्री ए.पी. सिंह ने खिलाड़ियों को अनुशासित होकर खेल का प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनायें दी। स्पर्धा में मुख्य निर्णायक एवं तकनीकी समिति की अध्यक्षा श्रीमती कविता दीक्षित तथा मयूर राठौर, अमोल करकरे, आयूष माखीज, कितेक चोपड़ा एवं जय जिज्ञासु सहित सेन्ट्रल आब्जर्वर श्री सुनील पण्डा ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अभियंता (सतर्कता) श्री एस.के.ठाकुर, अति.मुख्य अभियंता श्री आई.एल. देवांगन, वरिष्ठ खिलाड़ी श्री पी.के.खरे ने भी विजयी प्रतियोगियों को बधाई दी। शुभारंभ-समापन





कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक(जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा एवं योगेश नैयर ने किया।

स्पर्धा की विजेता टीम में सर्वश्री बी.के.साव (कप्तान), अवनीश पाठक, एच. मार्कण्डेय, नरेन्द्र उइके, गौरव गुप्ता तथा उपविजेता टीम में सर्वश्री लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी, नीरज स्वर्णकार, मुकेश पटेल, सुरेश देशमुख, जयंत चंद्रा शामिल थे। स्पर्धा में महिला/पुरूष डबल्स में विजेता रितिका पांडेय, यशोदा रौतिया, अवनीश पाठक, एच मार्कण्डेय एवं उपविजेता अनिता सिंग, दिव्या गढ़पाले, ए.लकरा, मधुप पटेल तथा पुरूष/महिला सिंगल्स विजेता अविनाश पाठक, अनिता सिंह एवं उपविजेता हितेन्द्र मार्कणडेय, वीरांगना भगत रहे। इसी तरह वेटरंस सिंगल्स में विजेता जे.एस. ठाकुर (कोरबा पश्चिम) तथा उपविजा एस.के.सोनपुरे (कोरबा पश्चिम) रहे। वेटरंस डबल्स में विजेता जे.एस.ठाकुर, प्रशांत बापट तथा उपविजेता एम.शपथ व व्ही.सी.पाठक रहे।

# रायगढ़ क्षेत्र में सेवानिवृतजनों की भावभीनी विदाई




रायगढ़ क्षेत्र से माह अक्टूबर-नवम्बर में सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मुख्य अभियंता श्री हरीश कुमार पाण्डेय ने प्रतिकात्मक भेंट एवं सेवा प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके सुखमय जीवन की कामना की। सेवानिवृत सर्वश्री कुमार भट्टाचार्य, जगनाथी प्रसाद रात्रे, जोहर साय साहू, रामेश्वर प्रसाद राठौर, रामकुमार राठौर, घनाराम पटेल ने सेवायात्रा में मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री ए.पी.सिंह, अधीक्षण अभियंता श्री बी.एल.वर्मा, श्री ए.के.अंबष्ठ सहित कार्यपालन अभियंता श्री गुंजन शर्मा, श्री वाई.के.मनहर,




मनीष तनेजा, श्री वी.पी.पटेल, श्री आरएल देवांगन, श्री आर.देयासी, श्री एस.सी. कोष्ठा, श्री पी.सी.महिष, श्री के.एन.सिंह, एच.एस.शुक्ला आदि ने भी अपनी शुभकामनायें दी।

# दुर्ग क्षेत्र की कार्यप्रणाली की समीक्षा बैठक



दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार ने 24 नवंबर 2018 को अधिकारियों-ठेकेदारों की बैठक लेकर फोटो स्पॉट बिलिंग एवं 33/11 के.व्ही. उपकेंद्रों के रखरखाव एवं संचालन, लाइन लॉस एवं बकाया वसूली हेतु दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने नियमानुसार ठेका श्रमिकों की पदस्थापना, सुरक्षा उपकरण तथा समय सीमा में उनको किये जाने वाले भुगतान, इएसआईसी/इपीएफ पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देशों के साथ-साथ मैदानी अधिकारियों के सहयोग से कार्य संचालन की समझाइस दी गई। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

आयोजित बैठक में सूरज एसोसिएट, भिलाई के प्रतिनिधि द्वारा फोटो स्पॉट बिलिंग के विशय में विस्तार से जानकारी दी गई एवं डेमों करके भी दिखाया गया।

आयोजित बैठक में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता श्री व्ही.आर.मौर्या तथा दुर्ग वृत्त के समस्त कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनिश्ठ अभियंता सहित 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्रों के संचालक आदि उपस्थित हुए।

# विद्युत वितरण केंद्र ननकट्ठी में एटीपी मशीन की स्थापना

विद्युत वितरण केंद्र ननकट्ठी के अंतर्गत 36 ग्रामों के विद्युत उपभोक्ताओं को एटीपी मशीन के माध्यम से बिजली बिल भुगतान की सुविधा देने हेतु 30 नवंबर 2018 को एटीपी मशीन की स्थापना की गई। इसका लाभ 36 ग्रामों के लगभग 17 हजार विद्युत उपभोक्ताओं को मिलेगा। क्षेत्र के सम्माननीय उपभोक्ता अब सुबह 08 बजे से रात्रि 08 बजे तक विद्युत देयकों का भुगतान कर सकते हैं।

एटीपी मशीन के शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता श्री व्ही. आर.मौर्या एवं कार्यपालन अभियंता श्री ए.डी.टंडन सहित वितरण केंद्र के सहायक अभियंता तथा कनिष्ठ अभियंता उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणजनों को उन्होंने एटीपी मशीन से प्राप्त होने वाली सुविधा की जानकारी दी।



# कोरबा ताप विद्युत गृह में विदाई समारोह

कोरबा पूर्व ताप विद्युत गृह से नवम्बर माह में सेवानिवृत्त हुय सर्वश्री एन.बी.मित्रा, बी.एन.चक्रवर्ती, धरम लाल तिवारी, परसराम मंडले, विरेन्द्र सिंह,संतराम एवं जगबन्धु डे का अधिकारियों, कर्मियों श्रमिक संगठनो एवं उनके परिजनो तथा सहकर्मियों के द्वारा स्वागत-सम्मान पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र, कलाई घड़ी एवं मिष्ठान प्रदान कर किया गया। कोरबा पूर्व प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में मुख्य अभियंता श्री आर पाठक, अति मुख्य अभियंता श्री एच.एन.कोसरिया तथा समस्त अधीक्षण अभियंताओं, मुख्य रसायनज्ञ, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों, कर्मचारियों तथा कर्मियों के परिजनों के गरिमामय उपस्थिति में किया गया।




श्री विरेन्द्र सिंह ने अपने अनुभवों का उल्लेख करते हुए सेवाकाल के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। अधीक्षण अभियंता श्री बी.डी.बघेल एवं आर. लकरा ने कर्मियों को शुभकामनायें दी। कार्यक्रम का संचालन श्री एस.पी.बारले वरि.कल्याण अधिकारी तथा आभार प्रदर्शन नरेन्द्र देवांगन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री हरिचरण एवं कन्हैया कैवर्त का सहयोग सराहनीय रहा।

# मुख्य अभियंता (प्रोजेक्ट)
# श्री ए.पी. सिंह

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के मुख्य अभियंता (प्रोजेक्ट) श्री अपराजित प्रसाद सिंह का जन्म 01 जुलाई 1958 को मेरठ (उत्तरप्रदेश) में हुआ।



आपने वर्ष 1974 में इलाहाबाद से हायर सेकण्डरी की परीक्षा तथा वर्ष 1979 में पंत नगर विश्वविद्यालय नैनीताल (यू0पी0) से बी.ई. की उपाधि प्राप्त की।

शिक्षा की पूर्णता के उपरांत आपने अपनी सेवायात्रा का शुभारंभ वर्ष 1981 में मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल जबलपुर से सहायक अभियंता प्रशिक्षु के रूप में किया। इस पद पर आपने जगदलपुर, भाठापारा, रायपुर में अति उच्चदाब निर्माण एवं संधारण संबंधी कार्यों में सफलतापूर्वक सेवायें दी। आगे वर्ष 2001 में आपको कार्यपालन अभियंता, वर्ष 2010 में अधीक्षण अभियंता एवं वर्ष 2017 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई। अपनी सेवायात्रा में आगे बढ़ते हुये आपने इन पदों पर अतिउच्चदाब लाईनों, उपकेन्द्रों के निर्माण सहित संचारण-संधारण विषयक कार्यों में अपनी कार्यदक्षता को प्रदर्शित किया।

जीवन यात्रा में आपने अपनी माता स्व0 श्रीमती कैलाश एवं पिता स्व0 श्री रामसहाय से मिले सुसंस्कारों से कर्त्तव्य के प्रति निष्ठा एवं टीमवर्क की भावना को सदैव अपनाये रखा। आपने 400 के.व्ही. क्षमता रायता एवं जगदलपुर उपकेन्द्र की कोरबा-खेंदामारा, मड़वा-रायता, खेंदामारा-रायपुर, रायपुर-जगदलपुर अतिउच्चदाब लाईनों के निर्माण एवं क्रियाशील करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निवर्हन किया। आपकी कार्यकुशलताओं का मूल्यांकन करते हुये पॉवर कम्पनी द्वारा वर्ष 2018 में मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नत कर आपकी पदस्थापना मुख्य अभियंता (प्रोजेक्ट) के पद पर की गई।

नवोदित राज्य छत्तीसगढ़ की पारेषण प्रणाली को उन्नत बनाने के लिये अनेक अतिउच्चदाब उपकेन्द्रों एवं इनसे सम्बद्ध लाईनों के निर्माण में मिली सफलता सहित अनेक चुनौतियों का समाधान करने का श्रेय आप अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को भी देते हैं। ई.एच.टी. टॉवर की डिजाईन में समरूपता लाने का कार्य भी आपकी सूझबूझ का उदाहरण रहा है। लाईन की डिजाईन हेतु शुल्क का निर्धारण कराया जिससे पारेषण कम्पनी की आय में ईजाफा हुआ। इससे पॉवर कंपनी के वर्कशाप में ई.एच.टी. टॉवर के निर्माण कार्य तथा ब्रेकडाउन की स्थिति में त्वरित सुधार में तेजी आई। अपने दायित्वों का निवर्हन करने के साथ ही आपकी संगीत और बैडमिन्टन खेल के प्रति भी विशेष अभिरूचि है।

# हसदेव ताप विद्युत गृह में विदाई समारोह



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम से अक्टूबर-नवंबर में सेवानिवृत्ति हुए सर्वश्री हरीश, शरद कुमार सक्सेना, श्यामलाल कुर्रे, बिरेंद्र कुमार केंवट, तिरिथ राम राठौर, छेदीलाल देवांगन, दयाल दास, वैष्णवराजेंद्र कुमार शर्मा, हरे कृष्ण मेहर, शंकर लाल राठौर, शत्रुघन प्रसाद राठौर, व्ही. पुष्पांगदन को भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अभियंता राजेश वर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसपी चेलकर, एके सत्संगी, एवं बीबीपी मोदी ने इन्हें स्मृति चिह्न व प्रशस्ति प्रमाण-पत्र भेंट कर शुभकामनाएं दी तथा कंपनी के विकास में सेवानिवृतजनों के योगदान को सराहनीय बताया।



कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी पीआर खूंटे, संचालन संयंत्र सहायक रवींद्र साहू, आभार प्रदर्शन सहायक प्रकाशन अधिकारी बसंत शाहजीत द्वारा किया गया।

**भावनाओं का कहां द्वार होता है, जहां मन मिल जाए वहीं हरिद्वार होता है...**

# नये सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं ने समझा पॉवर कंपनी की कार्यप्रणाली को



दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय के सभागार में नये भर्ती हुए सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं के लिए पॉवर कंपनी की कार्यप्रणाली से अवगत कराने हेतु कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार द्वारा 15 अक्टूबर 2018 को बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने 28 प्रशिक्षु सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं को कार्यकुशलता में वृद्धि, मैदानी कार्य क्षेत्र एवं वितरण केंद्र स्तर पर उपभोक्ताओं के साथ बेहतर तालमेल बनाते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के विषय में बताया। बैठक में कार्यपालक निदेशक श्री कुमार ने कंपनी की कार्यप्रणाली की बारीकी से व्याख्या करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं की संतुष्टि आपकी सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आप इस कंपनी के आधार हैं, इसलिए आपको कंपनी की पूरी जानकारी होनी चाहिए।

श्री कुमार ने कहा कि जब भी विद्युत संबंधी कोई समस्या होती है, उपभोक्ता आपसे सीधा संवाद करना चाहता है। सीधे संवाद से ही आप उपभोक्ता को संतुष्ट कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आपका फोन कभी बंद नहीं होना चाहिये, इससे उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं को निरंतर अध्ययन कर अपना ज्ञान बढाने, अपने अधीनस्थों के अनुभवों को लाभ लेकर कार्यक्षमता बढ़ाने निःसंकोच एवं मुखर होकर सवाल पूछने की सलाह दी। बैठक में उन्होंने ट्रांसफार्मर मेंटेनेंस एवं ए.टी.एंड सी. हानि के विषय में विस्तार से चर्चा की, बैठक में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर एवं अधीक्षण अभियंता द्वय श्री व्ही. आर.मौर्या एवं श्री एस.आर.बांधे, कार्यपालन अभियंता श्री सलिल खरे, श्री व्ही.के.डहरिया एवं श्री ए.डी.टंडन ने भी कंपनी के कार्यप्रणाली से संबंधित अपने अनुभवों को साझा करते हुए उनका मार्गदर्शन किया।

# दुर्ग में विदाई समारोह



दुर्ग क्षेत्र से अगस्त माह में सेवानिवृत्त हुए विद्युत कर्मियों को क्षेत्रीय मुख्यालय में कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर ने शॉल, श्रीफल एवं सेवा प्रमाणपत्र प्रदान कर भावभीनी विदाई दी। इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता श्री के.एस.भारती, कार्यपालन अभियंता श्री पी.के.दुबे ने भी सेवानिवृत्तजनों एवं उनके सपरिवार सुखमय जीवन की कामना की।

सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों में अनुभाग अधिकारी श्री भरत लाल तिवारी, सर्वश्री सुधीर कुमार कर्ण, कृष्ण कुमार सोनी, चैन सिंह, मनोहर लाल साहू, उदय राम वर्मा, फूल सिंह साहू के.कृष्णा राव शामिल हैं। समारोह में सेवानिवृत्तजनों ने सेवाकाल के दौरान के अपने अनुभवों एवं अविस्मरणीय पलों को साझा किया।

कार्यक्रम का संचालन श्री बी.एस.राजपूत एवं आभार प्रदर्शन श्री पी.के.दुबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## समाज का ऋण

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर थे। एक दिन सेवानिवृत्त हुए कुछ शिक्षक उनके निवास पर आशीर्वाद लेने पहुंचे। राधाकृष्णन ने उनसे पूछा - सेवानिवृत्ति के बाद क्या करेंगे? एक शिक्षक ने उत्तर दिया, कोई दूसरी नौकरी ढूंढूंगा। यह सुनकर राधाकृष्णन ने गंभीर होकर कहा-जीवन भर



विद्यार्थियों को शिक्षा देकर तो गुरू का दायित्व निभाया, अब कहते हो कि नौकरी करूंगा। पुराणों का उदाहरण देते हुए वे बोले-हमारे धर्मशास्त्रों में कहा गया है कि मनुष्य के ऊपर माता-पिता के ऋण के साथ समाज का ऋण भी होता है। अब अपना समय समाज सेवा में लगाओ। मेरी दृष्टि में ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर सेवा करो और उन्हें संस्कारित करो।

# हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में हिंदी दिवस



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में मुख्य अभियंता श्री राजेश वर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता बीबीपी मोदी, अधीक्षण अभियंता ओपी शुक्ला, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ केएन साहू एवं वरिष्ठ लेखाधिकारी एस.के. व्यास के आतिथ्य में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री वर्मा ने हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाषा के बल पर ही अपनी जड़ों से जुड़कर हम अपना विकास कर पाएंगे। अतिरिक्त मुख्य अभियंता बीबीपी मोदी ने हिंदी की दशा पर चिंतन करते हुए एक देश, एक भाषा पर जोर दिया। 'हिंदी की सेवा, राष्ट्र की सेवा' विषय पर श्री एस.वी. खांडेकर, श्री ए.के मिश्रा, एसए सईद, हीराचंद राठौर सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में डॉ. मंजुला साहू, बसंत शाहजीत, कमलेश सिंह ठाकुर, एसके तिवारी, हीराचंद्र राठौर ने अपनी कविता का पाठन किया। भाषण, कविता एवं नारा में विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों के हाथों पुरस्कार भी वितरित किये गये। मुख्य अभियंता श्री वर्मा ने निर्णायक प्राचार्यद्वय एके मिश्रा व नवल किशोर शुक्ला को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री पीआर खूंटे एवं संचालन श्री एसके तिवारी द्वारा किया गया।

# प्रतिज्ञा महिला मंडल ने किया शिक्षिकाओं का सम्मान

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में प्रतिज्ञा महिला मंडल (जूनियर क्लब) ने आवासीय कालोनी स्थित स्कूलों की शिक्षिकाओं का सम्मान किया। जूनियर क्लब में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिज्ञा महिला मंडल की अध्यक्ष मनीषा वर्मा की अध्यक्षता में श्रीफल एवं उपहार भेंटकर शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। मनीषा वर्मा ने गुरू की महिमा का बखान करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ सदस्य आशा ताम्रकार ने कहा कि समाज में शिक्षक-शिक्षिका का पद सम्मानजनक है। महिला मंडल की अन्य सदस्य व पदाधिकारियों ने भी उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सचिव ममता शुक्ला ने किया। इस मौके पर महिला मंडल की सभी पदाधिकारी उपस्थित थीं।



# डी.एस.पी.एम. ताप विद्युत गृह से सेवानिवृत्त कर्मी की विदाई




डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से नवंबर-2018 में सेवानिवृत्त हुये लेखाधिकारी श्री शेख रईस आलम, को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर श्री रईस को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र, कलाई घड़ी, एवं मिष्ठान प्रदान सम्मान किया गया। कार्यपालक निदेशक श्री एम.एस.कंवर (उत्पा.), उपमहाप्रधक (वित्त), श्री एच.वाय.चिट्नीस, सहित श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने उसके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर श्री .कंवर ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी/कर्मचारी ने निष्ठा एवं लगन से कार्य करते हुये संयंत्र की सेवा की है। संयंत्र के विकास में इनका योगदान, अविस्मरणीय रहेगा।

# राजनांदगांव में संविधान दिवस



राजनांदगांव क्षेत्र में 26 नवम्बर 2018 को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत रत्न डॉ0 भीमराव आंबेडकर जी को नमन करते हुए कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल द्वारा भारत की संविधान उद्देशिका का वाचन किया गया।

इस अवसर पर अति0 मुख्य अभियंता श्री टी0के0 मेश्राम, अधीक्षण अभियंता द्वय श्री अविनाश सोनेकर, श्री मंगल तिर्की, कार्यपालन अभियंता श्रीमती एम.नागवंशी सहित प्रशासनिक भवन स्थित समस्त कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने का संकल्प लिया।

# राजनांदगांव संभाग में स्पॉट बिलिंग के कार्यों की समीक्षा

राजनांदगांव क्षेत्र में मीटर रीडरों एवं स्पॉट बिलिंग हेतु अनुबंधित एजेन्सी के संचालकों की 27 नवंबर 2018 को बैठक कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने ली । उन्होंने वितरण केन्द्रवार की जा रही स्पॉट बिलिंग के कार्यों की समीक्षा करते हुए विवादित देयकों को सर्वोच्च प्राथमिकता से नियमानुसार निराकृत करने के दिशा-निर्देश दिये। बैठक में अधीक्षण अभियंता श्री अविनाश सोनेकर एवं कार्यपालन अभियंता श्री व्ही. आर.के. मुर्ति ने विद्यमान वितरण ट्रांसफार्मरों में विद्युत लोड, विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों, तथा कृशक उपभोक्ताओं के कृशि पंपो के लिए प्रदाय की जा रही विद्युत आपूर्ति के संबंध में मैदानी अधिकारियों से चर्चा की। इस अवसर पर सहायक अभियंता सर्वश्री एम.के.शुक्ला, अलोक दुबे, जी.एन. देवांगन, बलराम साहू, कनिश्ठ अभियंता सर्वश्री कोमल साहू, उत्तम साहू, कमलकांत नेताम, अशीष कछवाहा, दिनेश चतुर्वेदी, सुश्री शेषकुमारी साहू, श्रीमती माधवी देवांगन, श्रीमती सोमी खोब्रागढ़े, सुश्री नेहा गढ़पायले सहित राजनांदगांव संभाग के समस्त मीटर रीडर एवं स्पॉट बिलिंग हेतु अनुबंधित एजेन्सी के संचालक उपस्थित हुए।

# दुर्ग में राष्ट्रीय एकता शपथ कार्यक्रम



राष्ट्रीय एकता दिवस पर दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय प्रांगण में 31 अक्टूबर 2018 को कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने हेतु संकल्प लिया। इस अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी का स्मरण करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए समर्पित रहने का शपथ लिया गया । कार्यक्रम में दुर्ग क्षेत्र के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता श्री के.एस.भारती, कार्यपालन अभियंता श्री एस.एस.बघेल एवं वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय.कोसरिया सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**समस्याओं की कोई अपनी साइज नहीं होती, वो तो सिर्फ व्यक्ति के हल करने की क्षमता के आधार पर ही छोटी और बड़ी होती है।**

# केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में संविधान दिवस



छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर के गुढियारी स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान प्रांगण में 26 नवम्बर को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें विघुत कंपनी के मुख्य अभियंता श्री आर.बी.त्रिपाठी के साथ कार्यालयीन अधिकारी-कर्मचारी तथा नवनियुक्त कनिष्ठ यंत्री प्रशिशु एवं लेखा प्रशिक्षुओं द्वारा भारतीय संविधान के उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री सर्वश्री ए के. सोनी, एस पी सोनी, एन बिम्बिसार, मुकेश साहू, सहायक यंत्री श्री एस एस . पटनायक, श्री पी बी बंजारे, कनिष्ठ यंत्री श्री ए एन भट्टाचार्याजी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# रायपुर क्षेत्र में श्री श्रीवास्तव एवं श्री शर्मा की भावभीनी बिदाई

रायपुर क्षेत्र से सेवानिवृत्त अनुभाग अधिकारी सर्वश्री चंद्रहास श्रीवास्तव एवं दिनेश शर्मा की सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री के. नारनवरे ने उन्हें शॉल एवं श्रीफल तथा सेवा प्रमाण-पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री व्ही.के.साय, अधीक्षण अभियंता श्री चन्द्रहास मरकाम ने क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट किया. इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री ए.के.गौराहा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.विवेक गोले, विधि अधिकारी श्री आर.के. बिस्वास सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे. कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन श्री एस.के.साहू, प्रशासनिक अधिकारी तथा संचालन दीनानाथ वर्मा, कल्याण अधिकारी ने किया।



# हसदेव ताप विघुत गृह कोरबा पश्चिम में विदाई समारोह



हसदेव ताप विघुत गृह कोरबा पश्चिम से सितंबर माह में मुख्य अभियंता राजेश वर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसपी चेलकर ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति प्रमाण-पत्र भेंट कर उज्वल व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री वर्मा ने कहा कि सेवा में आना और जाना एक सतत प्रक्रिया है। इन उतार-चढ़ाव के बीच आप सभी पावर कंपनी को ऊंचाइयों पर बनाए रखें।

सेवानिवृत्तों में सर्वश्री पंचमलाल राठौर, हेतराम रौतिया, कृष्णा सिंह जगत, मालिक राम डिक्सेना, अगहन दास शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री पीआर खूंटे द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# दुर्ग क्षेत्र में विदाई समारोह

दुर्ग क्षेत्र से माह अक्टूबर-नवंबर में सेवानिवृत्त हुए सर्वश्री गणपत राम साहू, मानसिंह वर्मा, कृष्ण कुमार साहू, तुलाराम साहू, व्ही.आर.पिल्लै, गौतम सिंह ठाकुर, धनराज साहू, गणेश राम पटेल, दीनानाथ साह, श्रीमती सीमा बघेल, कु.ललिता सखी, लक्ष्मण निषाद, मनहरण लाल ध्रुव, फूलसिंह साहू, घनश्याम बंजारे, चेतन कुमार साहू, नेमचंद रावटे एवं जागेश कुमार को कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार ने शॉल, श्रीफल भेंटकर सेवा प्रमाणपत्र प्रदान किया। उन्होंने सेवानिवृत्तजनों के कार्यों की सराहना करते हुए अन्य कनिष्ठ कर्मचारियों के लिए अनुकरणीय बताया। साथ ही सेवारत अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने कार्यों के लिए दूसरी पंक्ति तैयार करने की सलाह दी। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता सर्वश्री एस.आर.बांधे, व्ही.आर.मौर्या, के.एस.भारती, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय.कोसरिया तथा कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा ने उनके सपरिवार सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन श्री आर.के.शर्मा एवं आभार प्रदर्शन श्री सोहनलाल अग्रवाल, प्रशासनिक अधिकारी ने किया।





# दुर्ग क्षेत्र में ई.ई. श्री दुबे की भावभीनी बिदाई



दुर्ग क्षेत्रीय मुख्यालय से माह सितंबर 2018 में सेवानिवृत्त हुये कार्यपालन अभियंता श्री पी.के.दुबे की सेवानिवृत्ति पर कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर द्वारा श्रीफल, शॉल एवं उपहार भेंटकर सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता द्वय श्री विकास कुमार गुप्ता एवं श्री के.एस.भारती ने श्री दुबे की कार्यप्रणाली की तारीफ करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# दुर्ग क्षेत्र में संविधान प्रस्तावना का सामूहिक पठन



दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय प्रागंण में संविधान दिवस पर ''भारतीय संविधान की प्रस्तावना'' का सामूहिक पठन 26 नवंबर 2018 को किया गया। कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार के नेतृत्व में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर, अधीक्षण अभियंता द्वय श्री के.एस.भारती एवं श्री व्ही.आर.मौर्या तथा वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय.कोसरिया सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक पठन किया।

# हसदेव ताप विद्युतगृह में औद्योगिक संरक्षा सप्ताह







हसदेव ताप विद्युत गृह में 03से 10 दिसंबर तक औद्योगिक संरक्षा सप्ताह मनाया गया। इसके अन्तर्गत मुख्य अभियंता श्री राजेश वर्मा ने कहा कि घर से लेकर विद्युत संयंत्र तक संरक्षा के नियमों का पालन करें, ताकि दुर्घटनारहित कार्यशैली आपकी दिनचर्या में शामिल रहे। अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री एसपी. चेलकर ने टूल टॉक संरक्षा जागरूकता पर तथा श्री ए.के सत्संगी ने संरक्षा के उद्देश्यों को प्राप्त करने से उत्पादकता में वृद्धि होने एवं श्री बीबीपी मोदी ने कार्य के दौरान छोटी से छोटी सावधानियों के प्रति भी विशेष ध्यान रखने पर विचार व्यक्त किये। इस दौरान वरिष्ठ संरक्षा अधिकारी टीके हाजरा द्वारा उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिकों को संरक्षा का शपथ दिलाया गया।

संरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित कविता, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता में आईए अंसारी, विकल्प तिवारी, केआर पाटीदार, हरनारायण राठौर, रविंद्र साहू, कमलेश कुमार शुक्ला, राजेश कुमार चौधरी, रामेश्वरी पैकरा, आरपी पांडेय, कमलेश सिंह ठाकुर, रमेश कुमार जैस, कार्तिक दास महंत, किरन कंवर, नामदेव टंडन ने विभिन्न वर्गों में पुरस्कार जीते। इन्हें अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री एसपी चेलकर, एके सत्संगी ने पुरस्कृत किया और कार्यस्थलों पर सतर्कता बरतनें का आव्हान किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका सुनीता भानू, आभा झा, राजलक्ष्मी मनु, माधवी बघेल, गायत्री महिलांगे और ज्योत्सना शर्मा द्वारा निभाया गया। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र साहू एवं आभार प्रदर्शन सरंक्षा अधिकारी माया सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफलबनाने में दिलीप ढोमने, संतोष दास महंत और विजय कंवर का विशेष योगदान रहा।

# कोरबा पश्चिम के चिंतामणी तिवारी पुरस्कृत




हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में पदस्थ चिंतामणी तिवारी पावर कंपनी मुख्यालय रायपुर से बेहतर कार्य निष्पादन के लिए सम्मानित किए गए हैं। उन्हें मुख्य अभियंता राजेश वर्मा के हाथों प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न सौंपा गया। श्री तिवारी को यह सम्मान हसदेव ताप विद्युत परियोजना की स्थापना के लिए वर्ष 1977 में मप्र विद्युत मंडल के पक्ष में परिवर्तित की गई 235 हेक्टेयर की वनभूमि को पटवारी राजस्व अभिलेख में नामांकन कराने के लिए दिया गया। सहायक अभियंता ने जिला प्रशासन के अधिकारियों व पटवारी से सतत समन्वय बनाकर इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया।



## श्री के.के. पाठक द्वारा
## 26 बार रक्तदान



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग में कार्यरत श्री के.के. पाठक, कार्यालय सहायक श्रेणी-2 ने अपने जीवनकाल में 26 बार रक्तदान करके ''रक्तदान-महादान'' को फलीभूत किया है। जाति-पांति से दूर मानव सेवा को माधव सेवा मानने वाले श्री पाठक का ब्लड ग्रुप 'ए' पॉजिटीव है।


# प्रशिक्षण संस्थान में लेखा प्रशिक्षण संपन्न



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर के गुढियारी स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में बैच क्रमांक 85 के प्रशिक्षु कर्मचारियों का लेखा प्रशिक्षण 9 जुलाई से 8 अक्टूबर, 2018 तक संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा अपने तीन महीने के प्रशिक्षण अवधि को भावी जीवन के लिए महत्वपूर्ण मानते हुए सभी फैकल्टी मेंबर के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री आर.बी.त्रिपाठी ने सभी प्रशिक्षु कार्यालय सहायकों को उनके पदस्थ क्षेत्रों में नई ऊर्जा के साथ कार्य करने, कंपनी हित एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निदान पर जोर दिया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता श्री आई.एल.देवांगन, श्रीमती मधुलिका मिंज, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री एन.बिम्बिसार, ए.के.सोनी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कवर्धा-खैरागढ, डोंगरगढ़, पंडरिया में विद्युत विकास कार्यों की समीक्षा

कवर्धा-खैरागढ़, पंडरिया एवं डोंगरगढ़ संभागों में किये जा रहे विद्युत विकास कार्यों का 28 से 30 नवम्बर तक कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने जायजा लिया। श्री पटेल ने कवर्धा एवं खैरागढ़ में विद्यमान 33/11 के0व्ही0 सब-स्टेशनों का निरीक्षण करते हुए उपस्थित अधिकारियों से इन उपकेन्द्रों से निकलने वाले फीडरों व 33/11 के0व्ही0 लाइनों की वस्तुस्थिति/संचारण-संधारण विषयक कार्यप्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी मैदानी अधिकारियों को विद्यमान लाइनों एवं वितरण उपकरणों में आने वाली तकनीकी व्यवधान को त्वरित सुधारने व निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखने में आने वाली कठिनाईयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डोंगरगढ़ संभाग में सुचारू विद्युत व्यवस्था सहित सही रीडिंग एवं नियत समय पर बिलिंग को लेकर सभी मैदानी अधिकारियों एवं मीटर रीडरों की 29 नवम्बर को बैठक ली। बैठक में श्री पटेल ने कहा कि उपभोक्ताओं के विद्युत मीटरों का वाचन निर्धारित समयावधि में पूर्णकर सही विद्युत देयक जारी किये जाये। उपभोक्ताओं के घर के अन्दर स्थापित विद्युत मीटर को बाहर की ओर लगवाने के लिए अपील की जाये, जिससे नियमित रीडिंग हो सके। बैठक में अधीक्षण अभियंता श्री अविनाश सोनेकर कार्यपालन अभियंता श्री एन.के. सक्सेना एवं श्री व्ही.आर.के. मुर्ति ने विद्युत मीटरों के वाचन में आने वाले कठनाईयों को दूर करने के उपाय सुझायें। 30 नवंबर को उन्होने पंडरिया संभाग में किये जा रहे विद्युत विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए



उपस्थित अधिकारियों क्षेत्र में उपभोक्ताओं के विवादित देयकों को पहली प्राथमिकता से नियमानुसार निराकृत करने तथा बकाया राजस्व वसूली के लक्ष्य पर शीघ्र कार्ययोजना बनाकर वसुली सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में कवर्धा वृत के अधीक्षण अभियंता श्री आर. एन. याहके एवं कार्यपालन अभियंता श्री नागेश्वर त्रिपाठी ने पंडरिया संभाग के अन्तर्गत आने वाले सभी वितरण केन्द्रों से संबंधित ग्रामों में विद्यमान वितरण ट्रांसफार्मरों में विद्युत लोड, विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों तथा कृषक उपभोक्ताओं के कृषि पंपो के लिए प्रदाय की जा रही विद्युत आपूर्ति के परिपेक्ष्य में जानकारी दी। उन्होनें विद्यमान लाइनों में आने वाली तकनीकी व्यवधान को तत्काल दुरूस्त करने एवं उपभोक्ताओं के समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही पर जोर दिया। इस अवसर पर पंडरिया संभाग के समस्त सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं मीटर रीडर उपस्थित थे।

**लाख दलदल हो पांव जमाए रखिए, हाथ खाली ही सही ऊपर उठाए रखिए।**
**कौन कहता है छलनी में पानी रूक नहीं सकता, बर्फ बनने तक हौसला बनाए रखिए।।**

# दुर्ग में अंतरक्षेत्रीय शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता का आयोजन




केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वाधान में बीआईटी कॉलेज, दुर्ग क्षेत्र में 12 से 14 दिसंबर तक तीन दिवसीय शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शतरंज प्रतियोगिता के टीम इवेन्ट में 14 प्वाइंट हासिल कर बिलासपुर रीजन प्रथम एवं 10.05 प्वाइंट लेकर दुर्ग क्षेत्र की टीम द्वितीय स्थान पर रही। शतरंज के पुरुष एकल में कोरबा पूर्व के श्री एम.सी.सोनी प्रथम (05 प्वाइंट) एवं रायपुर सेंट्रल के सागर पिंपलापुरे द्वितीय (04 प्वाइंट) रहे। शतरंत महिला एकल में रायपुर रीजन की मीन कुर्रे प्रथम एवं रायपुर सेंट्रल की भारती फेरो ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में कैरम टीम स्पर्धा का खिताब कोरबा पूर्व ने अपने नाम किया एवं उपविजेता रायपुर सेंट्रल की टीम रही। महिला एकल स्पर्धा में रायपुर सेंट्रल की कंचन ठाकुर विजेता एवं रायपुर क्षेत्र की रीना गोस्वामी उपविजेता रहीं। पुरुष एकल के विजेता कोरबा पूर्व के आलोक गुहा एवं उपविजेता बिलासपुर क्षेत्र के एस.के.मोदी रहे। महिला युगल की विजेता का खिताब रायपुर सेंट्रल की कंचन ठाकुर एवं नमिता जैन की जोड़ी और उपविजेता का खिताब बिलासपुर क्षेत्र की एस.रागिनी एवं एस.नमिता की जोड़ी को मिला। कैरम प्रतियोगिता में एकमात्र व्हाइट स्लैम के लिए आलोक गुहा को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि आयोजित प्रतियोगिता में दुर्ग क्षेत्र को मिलाकर नौ खेल क्षेत्रों यथा दुर्ग, रायपुर क्षेत्र, रायपुर सेंट्रल, बिलासपुर, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, अंबिकापुर, जगदलपुर एवं मड़वा खेल क्षेत्र के खिलाड़ी शामिल हुए। समापन समारोह अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। श्री जामुलकर ने विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन में उत्साह का संचार करते हैं। कार्य के साथ ही खेल मैदान पर विद्युतकर्मियों का बेहतर प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि जीत के साथ हार को भी प्रसन्नतापूर्वक अपनाएं और अपना अभ्यास जारी रखे। श्री जामुलर ने कहा कि खेल की चुनौतियों का सामना करना हमें जीवन की अन्य चुनौतियों से निपटने के साथ ही इस प्रतियोगिता भरे संसार में जीवित रहना भी सिखाता है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव श्री के.एस. भारती ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उन सभी का आभार व्यक्त किया। खेल प्रतियोगिता को संपूर्ण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले निर्णायक मंडल श्री विजय कुमार, श्री अरुण देवांगन, श्री गिरधर लाल देशमुख एवं श्री शुभम सोनी को श्री जामुलकर द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता द्वय श्री एस.आर.बांधे एवं श्री व्ही.आर.मौर्या तथा दुर्ग क्षेत्र के समस्त कार्यपालन अभियंता सहित सभी क्षेत्रों के खिलाड़ी एवं विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। इस प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों का चयन अखिल भारतीय विद्युत मंडल स्पर्धा में खेलने के लिए किया गया।

# दुर्ग क्षेत्र से श्री गुप्ता की भावभीनी विदाई



दुर्ग क्षेत्र के वृत्त कार्यालय में पदस्थ अधीक्षण अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता को स्थानांतरण उपरांत भावभीनी बिदाई दी गई। श्री गुप्ता को स्थानांतरण पर सीई (प्रोजेक्ट) रायपुर में पदस्थ किया गया है। श्री गुप्ता दुर्ग क्षेत्र में अक्टूबर 2013 से पदस्थ थे। आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री गुप्ता के कार्यकाल के दौरान अर्जित उपलब्धियों एवं अविस्मरणीय पलों को याद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधीक्षण अभियंता श्री के.एस.भारती, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय कोसरिया एवं कर्मचारियों ने कहा कि श्री गुप्ता ने अपने 05 वर्षों के कार्यकाल में हमेशा अपना बेस्ट परफारमेंस दिया है। उन्होंने कहा कि श्री गुप्ता कर्मचारियों के प्रति बहुत ही सहयोगात्क रहे हैं। सभी ने श्री गुप्ता को आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि कार्य के प्रति मेरा एक ही मूलमंत्र है कि यदि नौकरी करना है तो पूरी तरह से समर्पित होकर करो और मैंने हमेशा वही किया। उन्होंने अपने कार्यकाल को याद करते हुए अपने सहयोगियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शशिकला ने किया। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता श्री ओ.पी.भारद्वाज, श्री एस.एस. बघेल एवं श्री सलिल खरे तथा कार्यलय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# हसदेव ताप विद्युत गृह में शिक्षक दिवस का आयोजन

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में पावर कंपनी द्वारा संचालित विद्युतगृह प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्य. विद्यालय में बड़े उत्साह के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। शिक्षक सम्मान समारोह का शुभारंभ विद्युत नगर शिक्षा समिति के अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसपी चेलकर समेत अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला गया। साथ ही जीवन में गुरू की गरिमा व महिमा बखान किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण यंत्री एएस कोरम, वरिष्ठ लेखाधिकारी एसके व्यास द्वारा विद्यालय के प्राचार्य एवं सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं का पुष्प गुच्छ, श्रीफल व उपहार भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्युत नगर शिक्षा समिति के सदस्य रविंद्र साहू ने किया।



# कोरबा (पूर्व) में संरक्षा प्रशिक्षण कक्ष का शुभारंभ

कोरबा पूर्व में कारखाना अधिनियम के तहत् कारखाना में नियोजित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा कार्यरत श्रमिकों को संरक्षा प्रशिक्षण देने के लिये संरक्षा प्रशिक्षण कक्ष का निर्माण विद्युत संयंत्र परिसर में किया गया है।

उक्त प्रशिक्षण कक्ष का शुभारम्भ कार्यपालक निदेशक (ओ.एण्ड.एम.-जनरेशन) श्री एन.के.बिजौरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने ताप विद्युत गृह के सभी कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी। आगे उन्होंने कहा कि संरक्षा प्रशिक्षण कक्ष का लाभ सभी कर्मियों को मिलेगा एवं सेफटी प्रक्रिया ,नियम व उपकरणों की बारीकियों के बारे में जानकारी मिलेगी। इसी क्रम में मुख्य अभियंता श्री आर. पाठक एवं कारखाना प्रबंधक एवं अति.मुख्य अभियंता एच.एन.कोसरिया, ने भी इस कक्ष को कर्मियों की संरक्षा के लिये महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के आयोजन में श्री एस.पी.बारले वरि. कल्याण अधिकारी, श्री नरेन्द्र देवागन मुख्य संरक्षा अधिकारी एवं बी.पी. शर्मा संरक्षा अधिकारी की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।



# केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में विदाई समारोह



गुढ़ियारी रायपुर स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में सेवारत कार्यालय सहायक श्रेणी-2 श्री दिलीप षडंगी को उनकी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति एवं इस कार्यालय से पदोन्नत अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आई.पी. एल. देवागंन के स्थानांतरित होने पर 30 नवम्बर को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में मुख्य अभियंता श्री आर.बी. त्रिपाठी ने उन्हें स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुये उनके सपरिवार सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्रीमती मधुलिका मिंज, कार्यपालन अभियंता र्सश्री एस.पी.सोनी, एन. बिम्बीसार, ए.के.सोनी, मुकेश साहू, सहायक अभियंता श्री पी.व्ही. बंजारे, श्री एस.एस. पटनायक ने श्री षडंगी के साथ बिताये अनुभव व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ अभियंता श्री ए.एन. भट्टाचार्जी ने किया।

# बिलासपुर में विदाई समारोह

बिलासपुर क्षेत्र से सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों को आयोजित सम्मान समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने प्रतिकात्मक भेंट, शाल, श्रीफल से सम्मानित कर सपरिवार स्वस्थ खुशहाल जीवन की कामना की। माह सितम्बर-अक्टूबर में सेवानिवृत्तजनों में शामिल सर्वश्री विजयधर दीवान, सूरत राम यादव, गोरेलाल राठौर, धर्मेन्द्र शुक्ला, मनकूदास, आर.के.पटेल, दिलीप सरकार, कौशल प्रसाद तथा श्रीमती विमला देवांगन ने विद्युत कंपनी से मिले सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।



विदाई समारोह में अति0 मुख्य अभियंता श्री के.के .भगत, अधीक्षण यंत्री, श्री जी.पी. सोनवानी श्री ए.के. श्रीवास्तव, श्री पी.के. कश्यप, श्री पी. सजीव, कार्यपालन अभियंता श्री अमर चौधरी एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# हसदेव ताप विद्युत गृह में उत्सव का आयोजन

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में संकल्प महिला मंडल की पदाधिकारियों एवं बच्चों ने नृत्य, गीत और दही हांडी फोड़कर भगवान श्रीकृष्ण की जन्मोत्सव मनाया। मुख्य अभियंता श्री राजेश वर्मा और संकल्प महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अंजली वर्मा द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण की झांकी निकाली गई। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण महिलाओं द्वारा दही हांडी फोड़ना रहा। मीना शर्मा, गायत्री शर्मा, सूर्यकांत कश्यप, प्रतिभा अग्रवाल, नूतन स्वर्णकार द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की सजीव रंगोली बनाई गई। रास गरबा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर बच्चों ने समूह व एकल नृत्य, गीत भी प्रस्तुत किए। बच्चों को संकल्प महिला मंडल ने पुरस्कार भी वितरित किये। कार्यक्रम का संचालन मधु जायसवाल और मंजूषा बरड़िया द्वारा किया गया।



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में प्रतिज्ञा महिला मंडल (जूनियर क्लब) ने श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव यादगार बनाते हुए नन्हे-मुन्ने बच्चे श्रीकृष्ण का रूप धर कर मंच पर आए और दर्शकों की सराहना बटोरी।

# रिटायर्ड हैं पर टायर्ड नहीं: बुजुर्ग ये 4 बातें अपनाएं, हमेशा रहेंगे स्वस्थ और जवां

साठ के जिंदगी का जश्न किस तरह जारी रखें ? ये बड़ी चुनौती है। हांलाकि ऐ करना ज्यादा मुश्किल नहीं इसके लिए जरूरी है-थोड़ी सी योजना, बहुत से जज्बे और अथाह दीवानगी की, ताकि पूरे होशोहवास और गरिमा के साथ जिंदगी के रस को आखिरी बूंद तक पीने का जुनून बाकी रहे।

## 1. नए ख्वाब देखने का वक्त

उम्र का हर दौर खूबसूरत हो सकता है। नए सपने देखें और उन्हें पूरा करने की जुगत में लगे रहे। किसी भी हुनर को सीखने के लिए कभी देर नहीं होती। अच्छा होगा कि उम्रदराज लोग नए हुनर सीखें, अच्छे दोस्त बनाएं, नई जगहों पर घूमने की योजना तैयार करें, अच्छी किताबें पढ़ें। सार ये कि वे सब काम करें, जो युवावस्था में करना चाहते थे। इसी समय आप अपनी आजादी का जश्न मना सकते हैं।

## 2. बची ख्वाहिशों की लिस्ट

सेवानिवृत्ति के बाद अक्सर लोग सोच लेते हैं कि अब करने के लिए कुछ नहीं बचा, जबकि ये सच नहीं है। जरूरी है कि हमारे पास सुबह के वक्त बिस्तर छोड़ने की पुख्ता वजह बनी रहे। सक्रिय जिंदगी न सिर्फ अवसाद से बचाती है, बल्कि आत्मविश्वास भी बरकरार रखती है। कई निजी कम्पनियां सेवानिवृत्त लोगों को अच्छी तनख्वाहों पर नियुक्ति दे रही हैं। इसका लाभ आप भी ले सकते हैं।

## 3. नई पीढ़ी को समझे

अक्सर होता ये है कि पुरानी पीढ़ी, नई पीढ़ी के चलन और कायदों को मान्यता देने को तैयार नहीं होती। वह इस प्रक्रिया में खुद को निष्क्रिय बना लेती है। इससे उलट होना ये चाहिए कि कम उम्र के लोगों की शिकायत या आलोचना करने की जगह नई पीढ़ी की जीवनशैली और उनकी जिंदगी की जरूरतों को समझें और सहयोगी बनें। जरूरत पड़ने पर युवाओं को सुझाव दें, लेकिन हर वक्त टोकने से बचें।

## 4. मन से जवान रहे

साठ पार करते ही अधिकांश भारतीय निराशा का सामना करने लगते हैं। इन आंकड़ों की रोशनी में आवश्यक है कि जीवन की अरण्य वेला में पहुंचे ही सकारात्मक विचारों का वन और गुलजार कर लिया जाए। इसके लिए जरूरी योजनाओं पर कम उम्र से ही काम शुरू कर देना जरूरी है। स्वस्थ मन शरीर को भी हौसलामंद बनाए रखता है, जिससे हमारे उत्साह में इजाफा होता रहता है।


# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जंयती पर लोगो का उपयोग करने संबंधी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जंयती समारोह दिनांक 02.10.2018 से 02.10.2020 तक मनाये जाने हेतु भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली एवं अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास द्वारा निर्देशित किया गया है। इस हेतु भारत सरकार द्वारा जारी ''लोगो'' LOGO का उपयोग किया जाना है। यह लोगो वेबसाइट http//Gandhi.gov.in/download.htm से डाउनलोड किया जा सकता है। प्राप्त निर्देशानुसार गांधी जयंती समारोह के दौरान आयोजित गतिविधियों में उक्त लोगो का उपयोग किया जाना है।

# मैं गांधी बन जाऊं

मां खादी की चादर दे दे
मैं गांधी बन जाऊं
सब मित्रों के बीच बैठकर
रघुपति राघव गाऊं
छोटी सी धोती पहनूंगा
खादी की चादर ओढ़ूंगा
घड़ी कमर में लटकाऊंगा
सैर सबेरे कर आऊंगा
मुझे रूई की पोनी दे दे
चकली खूब चलाउं
मां खादी की चादर दे दे
मैं गांधी बन जाऊं
गांवों में ही रहा करूंगा
भले काम मैं किया करूंगा
छूत-अछूत नहीं मानूंगा
सबको अपना ही जानूंगा
मां खादी की चादर दे दे
मैं गांधी बन जाऊं

कवयित्री
**कमला चौधरी**



## हमारे गौरव

### श्रीमती नीलिमा ठाकुर



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यालय मुख्य अभियंता (सी.एण्ड एल.एम) में कार्यरत श्री रमेश कुमार ठाकुर, कार्यालय सहायक श्रेणी-दो की पत्नी श्रीमती नीलिमा ठाकुर को शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित समारोह में डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रीमती ठाकुर ने विद्यार्थियों में भाषायी दक्षता को सक्षम बनाने, कैरियर काउन्सलिंग के लिए कार्यशाला, उपचारात्मक शिक्षण पद्धति का प्रयोग, हस्तलिखित बाल पत्रिका की प्रस्तुती आदि उल्लेखनीय कार्य किये है। इनके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर नवाचारी शिक्षक अवार्ड एवं फेलोशिप में सम्मानित होने जैसी उपलब्धियों के लिए डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार हेतु चयन कर सम्मान स्वरूप रूपये 50 हजार का चेक, शाल, श्रीफल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वर्तमान में श्रीमती नीलिमा ठाकुर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, अमलेश्वर जिला दुर्ग में शिक्षिका है। बधाई .........

### कनिष्का श्रीवास



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यालय क्षेत्रीय भण्डार, रायपुर में कार्यरत श्री राजेश्वर श्रीवास की पुत्री कु. कनिष्का श्रीवास ने दिनांक 2 से 10 अगस्त, 2018 तक थाईलैण्ड में आयोजित आई.एफ.एम.ए यूथ वर्ल्ड म्यूथाई चैम्पियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया। उक्त चैम्पियनशिप में कनिष्का ने भारत के लिए प्रथम सिल्वर मैडल प्राप्त कर पॉवर कंपनी के नाम को गौरवान्वित किया। कु. कनिष्का केन्द्रीय विद्यालय में कक्षा छठवीं में अध्ययनरत है।


## कुर्यात् सदा मंगलम

### बालकृष्णा संग व्ही.आनंदी



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यालय महाप्रबंधक (वित्त) में कार्यरत श्री पी.सूर्यनारायण अययर, अनुभाग अधिकारी के सुपुत्र चि. बालकृष्णा का शुभ विवाह कोयम्बटूर निवासी श्री आर.वेंकटरमन अययर की सुपुत्री सौ.कां. व्ही.आनंदी के साथ 22 अक्टूबर 2018 को कोयम्बटूर(तमिलनाडु) में सानंद संपन्न हुआ। बधाई...

### पूनम संग निखिल



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी, डंगनिया रायपुर के मुख्य अभियंता (सिविल-परियोजना) कार्यालय में पदस्थ श्री लोचन प्रसाद नायक कार्या.सहा. श्रेणी-II की सुपुत्री सौ.का. पूनम का शुभ विवाह चि. निखिल सुपुत्र श्री अनिल कुमार पटेल (रायपुर) के साथ दिनांक 15.12.2018 को निरंजन धर्मशाला रायपुर में सानंद संपन्न हुआ। बधाई...

# चलो हंसाये रोते कैलेंडर को








सं. - विजय मिश्रा

नये वर्ष के आगमन की खुशी में पुराने वर्ष की आखरी रात लोग झूम रहे थे। गांव-शहर, गली-गली में नाच-गाना, खाना-पीना चल रहा था, पर मैं चूंकि अपने नये वर्ष की शुरूआत हिन्दू पंचांग के मुताबिक चैत्र के माह को मानता हूं, अतः इन सबसे दूर था और रोज की तरह बिस्तर पर जल्दी ही लुढ़क गया था, किन्तु नये वर्ष के ढोल ढमाका, हो हल्ला और बीच-बीच में फूटने वाले कान फोड़ू पटाखों की आवाज से मेरी नींद उचट गई थी। तभी मेरे कान में किसी के सिसकने की आवाज सुनाई दी। मैं उस दिशा में चल पड़ा जहां से सिसकने की आवाज आ रही थी।

कुछ कदम आगे जाने के उपरान्त मैंने देखा कि बरान्डे की दीवाल पर कील में टंगा कैलेंडर फड़फड़ाते हुए सिसक रहा है मानो छाती पीट-पीट कर रो रहा हो। मैं उसे देख कर भौंचक रह गया और करीब जाके पूछा-क्यों भाई कैलेंडर, पूरी दुनिया नये वर्ष के आगमन के उल्लास में डूबी हुई है और तुम कलप-कलप कर रो रहे हो। ऐसी क्या पीड़ा तुम्हें हो रही हैं ?

मेरे इस सवाल को सुन कर कैलेंडर अपने बहते हुए आंसू पोछते हुए बोला-अजीब आदमी हो, क्या तुम्हें मालूम नहीं कि आज मेरी जिंदगी की आखरी रात है। कल मेरी जगह नया कैलेंडर टंग जायेगा और मैं कचरे की तरह फेंक दिया जाउंगा। मुझे कोई याद करने वाला भी नहीं बचेगा।

अच्छा..... तो तुम्हें इसी बात का दुख है कि अब तुम्हें कोई पूछेगा नहीं। अरे भाई कैलेंडर तुम्हें तो खुश होना चाहिये क्योंकि कल सुबह नये वर्ष पर तुम्हारे छोटे भाई अर्थात् नये कैलेंडर को तुम्हारी जगह सुशोभित होने का अवसर मिलेगा।

मेरी यह बात सुन कर कैलेंडर गुस्से में फड़फड़ा उठा और बोला-आदमी की जात सिर्फ अपने स्वार्थ और अपने फायदे को पहले देखते हो, तभी तो मेरे लिए भी ऐसी घटिया सोच तुम्हारी बन गई हैं। कान खोल कर सुनो, मैं इसलिए नहीं रो रहा हूं कि कल मेरी जगह नया कैलेंडर आ जायेगा। मैं तो ये सोच-सोच कर रो रहा हूं कि बारह महीने मैं तुम लोगों को होली, दीपावली, ईद, क्रिसमस जैसे अनेक त्यौहारों की तारीख बताते रहा। ऐसे त्यौहार और विशेष दिनों की सूचना देते आपसी भाईचारा को बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़-पौधा लगाने, पानी बचाने, नशापान से दूर रहने का संदेश देता रहा पर तुम लोगों ने मेरी बातों की परवाह नहीं की।

क्या बात कर रहे है कैलेंडर भाई ? मैं कैलेंडर को टोकते हुए बोला-हम तो आपके बताये त्यौहार के मुताबिक खूब जश्न मनाते रहे। वर्ष भर हमनें अलग-अलग त्यौहारों का मजा लिया। भला हमारे त्यौहार मनाने में तुम्हें क्या कमी, क्या खोट दिखाई दी जो कि इतना गुस्सा कर रहे हो ?

मेरा यह सवाल सुन कर कैलेंडर दबंग आवाज में बोला-आग लगे तुम लोगों के त्यौहार मनाने के ढंग में। अरे तुम लोग तो बारहों महिना त्यौहारों की आड़ में लड़ते-झगड़ते रहे। तुम्हारा कोई भी त्यौहार बिना नशा, शराबखोरी के बिना पूरा होते नहीं दिखा। इसीलिए मै अपनी जिंदगी को व्यर्थ गया कहते हुए रो रहा हूं। वर्ष भर हरेक दिन की महिमा को बताते-बताते मैं पानी में डूबे मिट्टी के डल्ले की तरह घुलता रहा, पर तुम नहीं सुधरे । कुत्ते की पूंछ की भांति टेढ़े के टेढ़े रह गये और आज मेरा अंतिम दिन आ गया।

कैलेंडर अपने आंख से धार-धार बहते आंसू को पोछने रूका और एक गहरी सांस लेने के बाद फिर गंभीर आवाज में बोला- अरे, मुझे तो मालूम था कि एक जनवरी को मेरा जन्म हुआ और इकतीस दिसम्बर की रात मेरी जिंदगी की आखरी रात होंगी, पर तुम लोगों को तो इस बात का जरा भी ज्ञान नहीं होता कि तुम्हारी जिंदगी का दीपक कब बुझ जायेगा ? इसीलिए समझा रहा हूं कि नये वर्ष में अच्छे-अच्छे काम करना। मैं और मेरा के चक्कर में पड़ने के बजाय हम और हमारे के भाव को लिये हुए प्रेम की डोर में बंध जाना। रूपया-पैसा और पद-प्रतिष्ठा के घमण्ड में पड़े-पड़े अकड़े मत रहना, नहीं तो जिंदगी के आखिरी दिन कोई नाम लेने वाला भी नहीं बचेगा।

कैलेंडर की बातें ध्यान से सुनते-सुनते मैने फिर सवाल किया-अरे भईया कैलेंडर जरा साफ-साफ बताओ कि नये वर्ष में हमें क्या करना चाहिए। मेरे इस सवाल पर शायद कैलेंडर को नई उम्मीद की किरण दिखाई दीं वह थोड़ा सा मुस्काया और बोला-नये वर्ष में अपनी मिट्टी, अपनी भाषा, अपनी संस्कृति की रक्षा का संकल्प लो और ये गांठ मन में बांध लो कि - नये वर्ष में नये भारत का सृजन करेंगे, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा से दूर रहेंगे। देश की रक्षा खातिर जो हुए बलिदान उनको नित नमन करेंगे।

कैलेंडर के ऐसे विचारों को सुनकर मेरे हृदय में उत्साह की नई उमंगे हिलोरे मारने लगी। मैं कैलेंडर को अपने दोनों हाथों से लिपटाते हुए बोला-कैलेंडर भईया, आप भरोसा रखो नये वर्ष के नये कैलेंडर की जिंदगी को हम व्यर्थ जाने नहीं देंगे। हर दिवस, पर्व, उत्सव की महिमा के अनुरूप कार्य करेंगे। मेरे ऐसे विचार को सुन कर कैलेंडर के चेहरे पर खुशी के भाव उभर आये और वह मां की गोद में किलकारी भरते बच्चे की भांति आंखे बंद कर सो गया।


**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी मर्या. डंगनिया, रायपुर**

**फोन : 0771-2574702, फैक्स : 0771-2574702,**

**website : www.cseb.gov.in**

प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक, मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है. - मुद्रक